आईआईएम रांची के फेस्ट में खेल, फैशन, डांस, म्यूजिक बैंड्स का धमाल

बीआईटी सिंदरी, मेसरा, जेवियर्स, एक्सएलआरआई, आईआईएम बोधगया, किट से भी शामिल हुए सैकड़ों स्टूडेंट्स

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची का एनुअल फेस्ट रश 4.0 शनिवार को खेलगांव में हुआ। आईआईएम रांची के अलावा बोधगया, एक्सएलआरआई, आईएमएस रांची, इक्फाई, संत जेवियर्स, बीआईटी सिंदरी, मेसरा, किट भुवनेश्वर से सैकड़ों स्टूडेंट्स शामिल रहे। कहीं क्रिकेट मैच में चौके-छक्के लग रहे थे, कहीं डांस, सिंगिंग, फैशन का जलवा था। क्रिकेट, चेस, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस में स्पोर्टस स्पिरिट दिखा। वहीं, बैटल ऑफ बैंड्स, ट्रेल ब्लेजर- फैशन शो, इनफर्नो-सोलो डांस, ड्युअल फ्लेम्स -डुएट डांस, ब्लेज द स्टेज- ग्रुप डांस, अलाप- सोलो, डुएट सिंगिंग में वर्सटाइल टैलेंट का प्रदर्शन हुआ। शाम ढलते म्यूजिक का दौर शुरू हुआ, जिसमें स्टूडेंट्स ने जम कर मस्ती की।

आज सिंगर अर्जुन की परफॉर्मेंस

फेस्ट आज भी चलेगा। खेलगांव के शेख भिखारी स्टेडियम में सिंगर अर्जुन कानूनगो की परफऑर्मेंस होगी। इससे पहले शनिवार कों ईडीएम नाइट आकर्षण का केंद्र रहा। डीजे फैजान ने अपने म्यूजिक टाकी टाकी रूबा.., हाऊ डीप इज योर लव.., डेस्पासितो..., लेट मी लव यू.. पर पर सबको झुमाया। ट्रेलब्लेजर फैशन शो में आईआईएम रांची और आईएमएस रांची के स्टूडेंट्स ने रैंप पर लेटेस्ट फैशन दिखवाया। ग्रुप डांस कंपीटिशन में बीआईटी मेसरा की टीम ने तेरी याद सतावे...पर डांस किया। आईआईएम रांची की टीम फ्रॉगी फिट ने उर्वशी..., बलमा... जैसे गानों पर डांस किया। सोलो सिंगिंग में बीआईटी सिंदरी के सन्नी कुमार फर्स्ट, आईआईएम रांची के अक्षय रॉय सेकेंड हुए।

Dainik Bhaskar, 03.02.2019, Pg. 01